वर्ल्ड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता रजत पदक

चर्चा में क्यों?

3 मई, 2022 को ग्रीस के हेराक्लिओन में चल रहे वर्ल्ड जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की उदीयमान वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी यादव ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 156 किग्रा. वजन उठाकर रजत पदक जीता।

प्रमुख बिंदु

- राजनांदगाँव की ज्ञानेश्वरी यादव ने 49 किग्रा. भार वर्ग में कुल 156 किग्रा. वज़न उठाकर रजत पदक अपने नाम किया। इन्होंने 73 किग्रा. स्नैच में और 83 किग्रा. क्लीन एंड जर्क में वज़न उठाया।
- इस वर्ग में भारत की ही रीतिका ने 150 किग्रा. वज़न उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं इंडोनेशिया की आयशा कंटिका विंडी ने 185 किग्रा. वज़न उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया।
- उल्लेखनीय है कि ज्ञानेश्वरी जूनियर वर्ग में विश्व चैंपियनशिप खेलने वाली और पदक जीतने वाली प्रदेश की पहली खिलाड़ी हैं। इससे पहले वैश्विक टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ के रूस्तम सारंग, अजयदीप सारंग, अनीता शिंदे, मधुसूदन जंघेल, केशव साहू तथा जगदीश विश्वकर्मा भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, लेकिन पदक नहीं हासिल कर सके।
- गौरतलब है कि ज्ञानेश्वरी ने 2018-19 में असम के गुवाहाटी स्कूल नेशनल में पहली बार कांस्य पदक जीता था। फिर 2019-20 में स्कूल नेशनल में ही रजत पदक, 2020-21 में राष्ट्रीय यूथ प्रतियोगिता में रजत पदक, 2021-22 में भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक और ऑल इंडिया विविटूर्नामेंट में भी रजत पदक जीता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dnyaneshwari-yadav-won-silver-medal-in-world-junior-weightlifting-championship